# जमीन विवाद से हलाकान युवक ने की आत्महत्या

## लगातार मिल रही धमकियों से था परेशान, परिजनों ने सड़क पर शव रख किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 अक्टूबर. मैहर जिले में जमीनी विवाद के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने अमरपाटन में शव रखकर सड़क जाम कर दिया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस और तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया।**

मामला मैहर जिले की अमरपाटन तहसील का है। मृतक की पहचान भीसमपुर निवासी श्रवण कुमार कोरी (पिता रामसजीवन कोरी) के रूप में हुई है। श्रवण ने अपने घर पर फांसी लगाई थी। आत्महत्या के बाद परिजनों ने अमरपाटन में शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। थाना प्रभारी और



तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाने की कोशिश

की। मृतक के पिता राम संजीवन ने बताया कि उन्होंने 10 सितंबर 2013 को अमरपाटन में रहीम (61),मुबारक (52),हैदर (46) और अब्बास (39) (सभी पिता गुलाब) से एक जमीन खरीदी थी, जिसकी रजिस्ट्री भी हुई थी। बाद में, मुबारक ने यही जमीन नसीम (35,पिता इदरीश) को बेच दी। पिता के अनुसार, नसीम ने जबरदस्ती रातोंरात पिलर खोदकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। इसके खिलाफ 30जुलाई को अमरपाटन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने इसे राजस्व विभाग का मामला बताकर तहसीलदार के पास भेज दिया।

थाना प्रभारी अमरपाटन विजय सिंह परस्ते ने बताया कि परिजनों को समझाइश के बाद सड़क जाम खुलवाया गया आरोपियों के खिलाफ मामल दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है।

### नहीं निकला नतीजा

तहसीलदार ने मौके का निरीक्षण किया और पटवारी व आरआई को 3-4 बार भेजा, पुलिस भी गई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। राम संजीवन ने बताया कि 28सितंबर की रात को जबरदस्ती काम लगाया जा रहा था। जब उन्होंने मना किया, तो वसीम और नसीम दोनों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। 112 पर कॉल करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### कार्रवाई की मांग

इस बात से श्रवण चिंतित था कि उसका धन भी चला गया और उसे जान से मारने की धमकी भी मिल रही थी, जिसके कारण उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने मांग की है कि पुलिस शव का पोस्टमार्टम करने के बाद नहीं, बल्कि तत्काल आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करे।

# मायके में पानी की टंकी में मिला महिला का शव

## प्रकरण दर्ज कर जांच में जुटी नागौद पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**सतना 1 अक्टूबर. जिले के नागौद क्षेत्र में बुधवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब माएके में रह रही एक महिला का शव घर ममें रखी पानी की टंकी में पाया गया. हलांकि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या के तौर पर सामने आ रहा है. लेकिन पुलिस द्वारा सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती सुधा अग्रवाल का विवाह मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में हुआ है. वे पिछले कुछ दिनों से नागौद स्थित अपने माएके में रह रही थीं. बुधवार की सुबह जब परिजन सोकर उठे तो उन्हें सुधा अपने कमरे में नहीं दिखाई दीं. जिसके चलते उन्हें खोजने का प्रयास शुरु हुआ. लेकिन जब सभी कमरों में खोजने के बावजूद भी जब श्रीमती सुधा का कोई पता नहीं चला तो घरवालों को अनहोनी की आशंका होने लगी. इसी दौरान खोजबीन करते हुए परिजनों की नजर घर के अंदर मौजूद पानी की टंकी के खुले ढक्कन पर पड़ी. पानी की टंकी में झांक कर देखते ही परिजनों के होश उड़ गए. श्रीमती सुधा टंकी के पानी में डूबी नजर आईं. आनन-फानन में उन्हें बाहर निकाला गया. लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. जिसके चललते घटना की सूचना पुलिस को दी गईं. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया.

### मानसिक तनाव की आशंका

माएके पक्ष के लोगों ने पुलिस को बताया कि श्रीमती सुधा पिछले काफी समय से मानसिक तनाव व बीमारी से जूझ रही थीं. जिसके चलते उनका उपचार भी चल रहा था. इसी कड़ी में संभावना जताई गई कि मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने इस तरह का आत्मघाती कदम उठा लिया होगा. वहीं अचानक यह घटना सामने आने पर परिजन काफी व्यथित और कुछ भी बता नहीं पाने की स्थिति में नजर आए. वहीं पुलिस द्वारा जांच के लिए मृतका का मोबाइल और अन्य सामान जब्त कर लिया गया है. पुलिस के अनुसार सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है.

# माधवगढ़ पुल से युवक ने नदी में लगाई छलांग, मौत

## एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत कर शव को खोजा निकाला

**नवभारत न्यूज**

**सतना 1 अक्टूबर. शहर से सटे माधवगढ़ क्षेत्र में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां पर पहुंचे एक युवक ने अचानक पुल से नदी में छलांग लगा दी. एसडीआरएफ की टीम ने काफी देर तक कड़ी मशक्कत करते हुए पानी में बहे युवक का शव खोज निकाला. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को शारदेय नवरात्रि की नवमीं की गहमा-गहमी के बीच एक युवक बुलेट पर सवार होकर माधवगढ़ पहुंचा. युवक ने कुछ देर तक यहां वहां देखने के बाद छोटे पुल की ओर रुख किया. जहां पर पहुंचने के बाद उसने अपना मोबाइल निकाला और कुछ देर तक स्क्रीन पर कुछ करने के बाद उसने मोबाइल रख दिया. इसी दौरान देखते ही देखते उसने नदी में छलांग लगा दी. इससे पहले कि वहां पर मौजूद लोग कुछ समझकर युवक की मदद कर पाते वह पानी में समा गया. लिहाजा स्थानीय लोगों द्वारा फौरन ही घटना की सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची कोलगवां पुलिस द्वारा घटना की सूचना एसडीआरएफ को दे दी गई. लिहाजा



एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी में डूबे युवक की तलाश शुरु की. काफी देर तक कड़ी मशक्कत करने के बाद एसडीआरएफ की टीम ने पानी में डूबे युवक का शव

खोजकर बाहर निकाल लिया. पुलिस ने शव को जब्त करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया. इसके साथ ही पुलिस द्वारा घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई. मृतक युवक की पहचान शहर के भरहुत नगर निवासी बृजेश गुप्ता के तौर पर हुई.

### मोबाइल में मिला अंतिम वीडियो

पुलिस द्वारा मृतक के मोबाइल की जांच शुरु की गई तो उसमें एक वीडियो नजर आया. वह वीडियो घटना से कुछ समय पहले ही बनाया गया था. वीडियो में बृजेश यह कह रहा है कि मैं जा रहा हू सब कुछ छोड़कर, ना मुझे किसी चीज का टेंशन नहीं और न ही मुझे किसी चीज का...बाय-बाय. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा परिजनों सहित अन्य लोगों से पूछताछ करते हुए घटना के पीछे का कारण जानने का प्रयास किया जा रहा है. वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन स्तब्ध हो गए. उन्हें समझ में ही नहीं आ रहा था कि आखिर यह सब कैसे हो गया.


# सूने घर से आभूषण और नकदी पार

## रिश्तेदारी में गया था परिवार, जांच कर रही पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 अक्टूबर. जिले के नागौद कस्बे में एक सूने घर से लाखों की चोरी घटना सामने आई। अज्ञात चोरों ने मंगलवार की देर रात सिविल लाइन निवासी उपेंद्र सिंह के घर का ताला तोड़कर 55 हजार रुपए नकद और करीब डेढ़ लाख रुपए के सोने के गहने चुरा लिए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार



उपेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ मंगलवार को रिश्तेदारी में एक कार्यक्रम में सिंहपुर गए हुए थे। बुधवार सुबह करीब 7 बजे जब वे घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि बाहर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाने पर कमरे में रखी अलमारी खुली मिली और सारा सामान बिखरा हुआ था। उपेंद्र सिंह ने बताया कि चोरों ने अलमारी से 55 हजार रुपये नकद, एक सोने की चेन और दो अंगूठियां चुराई हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए है।

घटना की सूचना नागौद थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग मिल सके।

# बोलेरो में मिली 72 लीटर अवैध शराब, 2 गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना 1 अक्टूबर. बोलेरो वाहन में अवैध शराब लादकर तस्करी के लिए ले जा रहे दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए. इस मामले में पुलिस द्वारा 72 लीटर शराब जब्त की गई. जिसकी कीमत 36 हजार रु आंकी गई.**

मैहर जिले के रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए अवैध शराब ले जाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी. जिसे देखते हुए फौरन ही पुलिस



टीम गठित करते हुए मौके के लिए रवाना कर दिया गया. इसी दौरान ब्रम्हनाड़ी से गैलहरी गोरसरी मार्ग पर एक सफेद रंग का बोलेरो वाहन क्र. एमपी 19 जेड जे 9756 आता दिखाई दिया. लिहाजा गैलहरी गेट के पास की गई नाकाबंदी के जरिए उक्त वाहन को जांच के लिए रोक लिया गया. पूछताछ करने पर वाहन में सवार दोनों लोगों की पहचान शुभम उर्फ अंकित पटेल पिता महेश उम्र 30 वर्ष और दिलीप पटेल पिता स्व. जगदीश उम्र 42 वर्ष दोनों निवासी ब्रम्हनाड़ी के तौर पर हुई. इसी कड़ी ममें जब वाहन की जांच की गई तो उसमें खाकी रंग के 8 कार्टून रखे मिले. जिन्हें खोलकर देखने पर उनमें देशी प्लेन शराब की बोतलें रखी मिलीं. वाहन से कुल 72 लीटर शराब जब्त कर ली गई. जिाकी कीमत 36 हजार रु आंकी गई. इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया.

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना 1 अक्टूबर. शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार महादेवा निवासी युवती द्वारा इस बात की शिकायत की गई थी कि शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया.



युवती ने पुलिस को बताया कि युवक ने पहले उससे नजदीकी बढ़ाई. फिर शादी का झांसा देते हुए दुष्कर्म करने लगा. लेकिन बाद में उसने शादी करने से साफ इंकार दिया. जिसे देखते हुए उसने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की.

पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 69 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरु की. वहीं शिकायत होने के 24 घंटे के भ्ज्ञीतर ही आरोपी को दबोच लिया गया. पकड़े गए आरोपी की पहचान शिवम चौधरी पिता सूरज उम्र 23 वर्ष निवासी टिकुरिया टोला के तौर पर हुई.

# आईएमए के डॉ. राकेश अध्यक्ष व डॉ. आलोक सचिव निर्वाचित

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 अक्टूबर. डॉक्टर्स की सर्वोच्च संस्था इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना के आगामी सत्र के लिए विगत दिवस आयोजित एक आम सभा में निर्वाचन अधिकारी डॉ आर के नेमा एवं डॉ जी पी सिंह के मार्गदर्शन में हुआ.**

चुनाव प्रकिया का विधिवत संचालन कर अध्यक्ष पद हेतु आईएमए अध्यक्ष हेतु डॉ राकेश अग्रवाल को ,सचिव पद हेतु डॉ आलोक खन्ना कोषाध्यक्ष हेतु डॉ ललित गुप्ता एवं उपाध्यक्ष हेतु डॉ



विपिन दुबे एवं डॉ सारिका कालरा को आमसभा में सभी डॉक्टर्स की एक राय से निर्विरोध निर्वाचित कर दिया। डॉ राकेश अग्रवाल ने निर्वाचन अधिकारी डॉ आर के नेमा एवं डॉ जी पी सिंह एवं आईएमए के सभी डॉक्टर्स को निर्वाचन प्रकिया सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु आभार प्रकट किया साथ ही आईएमए सतना द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं चिकित्सीय सेवा कार्यो को निरंतर जारी रखा जायेगा साथ ही आई एम ए सतना के सभी डॉक्टर्स की प्रतिष्ठा एवं सुरक्षा पर ध्यान दिया जाएगा। आई एम ए सचिव एवं जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ शल्य विशेषज्ञ डॉ अलोक खन्ना के कहा कि आई एम ए सतना समाज के साथ मिलकर डॉक्टर्स एवं शहरवासियों के मध्य सामंजस्य एवं विश्वाश स्थापित करने का प्रयास करेगा।



# दशहरे पर्व की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सतना 1 अक्टूबर. बुधवार को थाना कोतवाली परिसर में दशहरे पर्व की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में दुर्गा माता प्रतिमा पंडालों के संचालकगण एवं लाउडस्पीकर सेवा प्रदाताओं की उपस्थिति रही। बैठक में बताया गया कि प्रतिमाओं का विसर्जन 2 अक्टूबर को किया जाएगा। जिससे धार्मिक परंपरा एवं शास्त्र सम्मत विधान का पालन सुनिश्चित हो। सभी दुर्गा प्रतिमाओं का चल समारोह भगवान श्रीराम की झांकी के उपरांत नगर में एक साथ निकले, ताकि दशहरे का पारंपरिक वैभव एवं रौनक पुन: स्थापित हो सके। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित तालाब को मुख्य विसर्जन स्थल के रूप में प्रोत्साहित किया गया। लोक परंपरा को जीवित रखने के लिए झांकियों को आकर्षक इनाम देने की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे सांस्कृतिक एवं धार्मिक वातावरण और उत्साहपूर्ण हो। लाउडस्पीकर, डीजे यूनियन के अध्यक्ष भोला प्रसाद गुप्ता द्वारा भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया गया। बैठक में उपस्थित समाजसेवी, व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, बिहारी रामलीला समाज के आशुतोष दुबे, डाली बाबा रामलीला समिति के पीयूष महाराज ने भी स्पष्ट किया कि प्रतिपदा तिथि पर ही मूर्ति स्थापना होती है। शास्त्र सम्मत रूप से दशहरे के दिन विसर्जन करना ही उचित है। उन्होंने प्रशासन की इस पहल का समर्थन किया। जिला प्रशासन एवं पंडाल संचालकों के सामंजस्य से इस वर्ष दशहरे का पर्व विंध्य क्षेत्र के गौरव के अनुरूप भव्य, सुरक्षित एवं सांस्कृतिक रूप में मनाया जाएगा।

# विजयादशमी को होंगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण

## 50 बस्तियों सहित 93 मंडलों में होंगे शस्त्र पूजन एवं बौद्धिक

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 अक्टूबर. विजयादशमी 27 सितंबर 1925 को डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) की स्थापना की थी। यह वर्ष संघ का शताब्दी कार्य वर्ष है।**

विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म की विजय और भारतीय सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। विभाग प्रचार प्रमुख डॉ आशीष तिवारी ने बताया कि एक शाखा से प्रारम्भ हुआ यह संगठन आज भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। अब हम उस ऐतिहासिक क्षण पर हैं जब 2 अक्टूबर 2025 को विजयादशमी के अवसर पर संघ अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण करेगा। यह सौ वर्ष की यात्रा संघ के लिए संगठन और सेवा का प्रतीक है। हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र को मजबूत बनाना ही उद्देश्य- संघ की स्थापना के समय डॉ. हेडगेवार का उद्देश्य स्पष्ट था—हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र को सशक्त बनाना। उनका विचार था कि हिंदू राष्ट्र की रक्षा के लिए संगठित शक्ति का होना आवश्यक है। यह दृष्टि आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। डॉ तिवारी ने बताया कि विजयादशमी पर संघ मुख्यालय नागपुर में परमपूज्य सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत का उद्बोधन होगा। यह वार्षिक उद्बोधन संघ के स्वयंसेवकों के लिए वर्ष भर की दिशा-निर्देशिका का कार्य करता है।

### कैट ने किया नवागत एसपी से सौजन्य भेंट

**सतना, 1 अक्टूबर.** टीम कैट सतना ने नवागत पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह से प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना। इस मौके पुलिस अधीक्षक महोदय टीम कैट सतना का परिचय भी प्राप्त दिया। इस मौके पर संगठन प्रभारी चंद्रशेखर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, महामंत्री अभिषेक जैन, जिला उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता,पवन मलिक,जिला मंत्री जितेंद्र साबनानी राजेश अग्रवाल, अशोक वाधवानी,महेंद्र जैन, अंकुल अग्रवाल, सचिन जैन, विनोद चंदानी, दयाल कापड़ी, उपस्थित रहे!

# एकेएस में स्वच्छता, पोषण एवं महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 अक्टूबर. एकेएस विश्वविद्यालय के सभागार में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आठवां राष्ट्रीय पोषण माह, ईट राइट अभियान, स्वस्थ नारीङ्कसशक्त परिवार और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक विस्तृत जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता



विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ आर एस त्रिपाठी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ. क्रांति मिश्रा तथा सतना जिला चिकित्सालय के मेडिकल ऑफिसर डॉ. आर.एस. त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एडवाइजर श्री सूर्यनाथ सिंह गहरवार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. महेन्द्र कुमार तिवारी, फैकल्टी ऑफ लॉ के अधिष्ठाता डॉ. सुधीर जैन, वीमेन डेवलपमेंट डायरेक्टर डॉ. प्रियंका बागरी, संतोष सोनी, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक मिश्रा, डॉ. रमा शुक्ला, गरिमा सिंह एवं अयोध्या पांडेय, राष्ट्रीय केडर कॉर्प्स अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. दशरथ पाटीदार, लेफ्टिनेंट प्राची सिंह, ऑफिसर कैप्टन श्रवण कुमार, एवं डॉ. रफिया (हेड एक्सटेंशन विभाग) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेशनल कैडेट कॉर्प्स के छात्र-छात्रा कैडेट्स, यूनिवर्सिटी कैडेट कॉर्प्स के वालंटियर्स, एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकङ्ककर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## एक नजर में

### राष्ट्र और समाज के जुड़ाव की दिशा में कारगर आरएसएस

**सतना.** मशहूर उद्योगपति एवं समाजसेवी पवन अहलूवालिया ने राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयदशमी के पावन अवसर पर संघ के सभी स्वयंसेवकों और राष्ट्रवादियों को बधाई दी है। श्री अहलूवालिया ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष में प्रवेश करना न केवल संघ के लिए बल्कि समूचे देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। संघ ने राष्ट्र और समाज के साथ जुड़ाव बनाने की निरंतर कोशिश की है और कामयाबी भी हासिल की है। उद्योगपति श्री अहलूवालिया ने कहा कि वे भले स्वयं कभी गणवेशधारी स्वयंसेवक नहीं रहे लेकिन संघ के सकारात्मक विचारों और देश को ऊंचाइयों की ओर ले जाने के उनके अथक प्रयासों के प्रति सदैव श्रद्धावनत रहे हैं।



### राजा जय लाल सिंह को सांसद ने दी श्रद्धांजलि

**सतना.** आजादी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद राजा जय लाल सिंह को उनकी शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बुधवार को लकनाऊ के हजरतगंज में अमर शीहद राजा जयलाल सिंह पर्क में कुर्मी क्षत्रिय सभा लखनाऊ के तत्वाधान में शहादत पुण्यतिथि दिवस पर स्मृति पर आयोजित कार्यक्रम में उनके बलिदान को याद किया गया।



### एक दिवसीय नि :शुल्क स्वास्थ्य में 137 स्वास्थ्य परीक्षण

**सतना.** डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान आपका अस्पताल आपके द्वारा योजना अंतर्गत...जे.पी. विद्यापीठ हायर सेकंडरी स्कूल महादेवा, में एक दिवसीय निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुशीला शक्ति चेतना ट्रस्ट द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले बच्चों व उनके परिजनों का चलता फिरता मुफ्त अस्पताल के माध्यम से किया गया जिसमें 137 नागरिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण एवं मौसमी बुखार सर्दी जुकाम के 105 मरीज को दी गई मुफ्त में दवाइयां।

### सोनौरा वृद्धाश्रम में हुआ वरिष्ठजनों का सम्मान



**सतना.** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुधवार को मॉडल शिक्षा समिति द्वारा सोनौरा में संचालित वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण श्रवण यंत्र, कैलीपर्स, वाकर एवं स्टिक का वितरण भी किया गया।